### अकेले परिवहन विभाग की 16 सेवाएं जोड़ रहे

# ई-मित्र पर आएगी 200 और 'सुविधाएं', अभी ट्रायल शुरू

**85** हजार ई-मित्र कियोस्क हैं राजस्थान में | **8014** ई-मित्र कियोस्क हैं जयपुर में इनमें से | **500** से ज्यादा सेवाएं जुड़ी हैं ई-मित्र के जरिए अभी

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

- **किसानों, विद्यार्थियों और बेरोजगारों को भी घर के नजदीक ही कई सुविधाएं**
- **रीट और गाइड परीक्षा आवेदन भी**

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** राज्य के करीब 85 हजार ई-मित्र कियोस्क पर जल्द ही 34 और सेवाएं शुरू होंगी। इनमें सरकारी और निजी दोनों तरह के काम शामिल हैं। खास यह है कि परिवहन विभाग के 16 तरह के काम एक ही जगह से हो पाएंगे। स्वायत्त शासन विभाग, आवासन मण्डल, सार्वजनिक निर्माण विभाग की सभी सेवाएं एक जगह होंगी। इसके अलावा किसानों, विद्यार्थियों और बेरोजगारों को भी घर के नजदीक ही कई सुविधाएं मिल सकेगी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने इसके लिए ट्रायल शुरू कर दिया है।




## निजी सेवा: बिजनेस टू सिटीजन

- रोजगार के लिए सभी तरह की रिक्तियों के फार्म भरना
- पेन कार्ड से संबंधित
- ई वेस्ट कलेक्शन
- स्मार्ट पार्किंग क्यूआर कोड स्टिकर
- ई-एजुकेशन, ऑनलाइन मॉक टेस्ट सीरीज
- होम सर्विसेस से संबंधित सेवा

## सरकारी सेवाएं: गवर्नमेंट टू सिटीजन

- परिवहन विभाग की 16 सेवाएं। इसमें सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन आवेदन, वाहन ट्रांसफर, वाहन फिटनेस सर्टिफिकेट, लाइसेंस रिन्यूअल, यात्री, वाहन, गुड्स और गैर परिवहन वाहनों से संबंधित कार्य शामिल है।
- स्वायत्त शासन विभाग के अधीन नगर निगम, परिषद, नगर पालिकाओं ओर सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान आवासन मंडल से जुड़ी कई सेवाएं
- रीट परीक्षा आवेदन, पर्यटन विभाग की गाइड परीक्षा आवेदन।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ई-केवाईसी, किसानों के लिए बीज वितरण प्रक्रिया।

## ध्यान रखिए, 25 सेवाएं नि:शुल्क

**बिजली,** पानी, टेलीफोन के बिल जमा करने सहित 25 सेवा शुल्क मुक्त है। इसमें नेशनल पेंशन स्कीम, प्रधानमंत्री किसान योजना व पीएम श्रम योगी योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत राजस्थान स्वास्थ्य योजना, जन आधार नामांकन, आरएसआरटीसी टिकिट कैंसिल, ईईएसएल प्रोडक्ट रिप्लेस करने पर, रि-प्रिंट डिजिटल साइन सर्टिफिकेट सहित अन्य सेवा शामिल हैं।

## 200 नई सेवा शुरू करने का टारगेट

**सरकार** का अब ई-मित्र कियोस्क पर कुल 200 नई सेवा शुरू करने का टारगेट है। कुछ समय पहले ही ई-मित्र पर जीटूसी श्रेणी में श्रेणी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के आवेदन, बृज व शेखावटी यूनिवर्सिटी के आवेदन, कोविड एक्स ग्रेसिया आवेदन और बीटूसी श्रेणी में टेलीमेडिसिन, कोविन सर्टिफिकेट, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर सहित अन्य सेवा शुरू की गई है।

ई मित्र पर कई नई सेवा शुरू करने जा रहे हैं। अभी इसका ट्रायल किया जा रहा है। संभवतया 15 से 20 दिन में यह काम पूरा हो जाएगा।

**-आर.के शर्मा,** अतिरिक्त निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग